Mr. Vice-Chairman, with all the power at the command of the Government, they must come down heavily in accelerating the process of dehoarding. Occasionally the Prime Minister and lately the Finance Minister have made some gestures and statements that they were getting restive and they were going to come back. I think, this is the time, for some salutary effect, that some deterrent measures are taken and the business community is requested to behave. Mr. Vice-Chairman, I must add here that while in the Council of States and in the Lower House we are talking in relation to the Central Government, a large part of the price control mechanism is within the purview of the State Government. In some States the Congress is in power and in some other States other political parties are in power. I think, politically the responsibility of controlling the price pressure should be equitably distributed through the machinery of the State Government. So, in our collective wisdom we must apply our persuasive pressure and non-persuasive pressure on our respective State Governments to see that they take on the responsibility which belongs to them and make their contribution in making the public distribution system efficient and make sure that the trading community contributes to it.

Mr. Vice-Chairman, before I conclude I must go on record that whereas the achievements have not been substantial and not up to the level that we should be very happy about, the trends are encouraging. If you compare the figures between August and November this year, from 16.7 per cent it has come down to 13.7 per cent. So, week after week the price index has been going down, which is not a fortuitous change. That is indicative of a trend—a trend which is unlikely to be reversed. There is a marginal change in the last two months. Whereas the index has remained the same, in terms of point system—0.1 per cent or 0·2 per cent—the prices have gone up. I have every hope that the Government will be alert and through its vigilance and its instruments of management, either fiscal or monetary or import liberalisation, the Government will ensure that this trend is accelerated and we are able to come closer to 9 per cent—it is not 9 per cent certainly —at the margin of double-digit inflation.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Kindly conclude now.

PROF. CHANDRESH P. THAKUR: Mr. Vice-Chairman, I would particularly like to draw attention to this. The overall price trend is one thing. But what is more desturbing is that the prices of certain commodities are really going up at a very high rate and they include food stuffs. Unfortunately, the prices of even the inferior grains like *jawar* and *bajra* have gone up. It hurts the poorer section because if the prices of wheat and rice go up, you have a choice of substituting inferior food for the superior food to maintain your capital intact in the budget. (*Time bell rings*)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please conclude.

PROF. CHANDRESH P. THAKUR: But if the prices of the inferior commodities are also going up, then it requires some vigilance. I would like to submit that in terms of import possibility if the foreign exchange situation is beginning to look better, the Government might consider that. If still the foreign exchange position remains not encouraging in the judgement of the Government, think in terms of countertrade, think in terms of deferred payment imports, think in terms of imports under rupee payment, if NRIs or other agencies can help, so that we can augment our supply base of the essential commodities and then we will be able to feed the public distribution system. The last point which I would like to submit is collectively in this House or outside the House we should refrain from contributing to the process of inflationary psychosis. If everybody and people who represent a sort of opinion makers category talk about this, then a message goes and an expectation for inflationary pressure is built and the first beneficiary of that is the hoarding community and the business community. So, when we criticise and advise the Government for whatever right steps required on their side, we should not be a party to the creation of an alarm that inflation is there, it is likely to remain and it is likely to grow because in that case even the best of the Government measures are not likely to yield results. We earnestly expect that whatever promises we have made not only to control prices but, through a stable price regime, to sustain a certain level of growth momentum, to promote employment and to protect the vulnerable sections of the society through our anti-poverty programmes will be kept. I am sure the Government is aware of all the problems. It has all the choices before it. It has the will to do that. It needs the co-operation of all the political parties and the people who are outside the Parliament to strengthen its hands. If not, people are not going to forgive us.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: Mr. Vice-Chairman, the statement of the Minister shows that we are facing a grim situation. But the ground reality is worse. However, the efforts which the Government has made in the past few months have brought some results and the situation can improve and there is a ray of hope. The reasons which have led to price rise are manifold and historical. Sir, deficit financing is the primary reason for the rise in prices. Then there are public sector undertakings which have been a drain on our resources. There are sick industries in the private sector which have been a drain on our resources. Then the protection which we have been giving to the industries in our country has recoiled on us. It has been done at the cost of the rural economy. Thereby the poorer sections of the people who live in villages —Gandhiji said that India lives in villages—have suffered the most. One other reason for the rise in prices is the unlimited expenses by the Government departments, by the Ministers not only in the Central Government but also in the State Governments. Another reason is that about 3000 crore dollars of black money which is earned by the Indians has gone to the foreign banks in Switzerland standing mostly in the name of big houses and some politicians also. There is another reason why we have a parallel black money economy in our country. This economy is not controlled by us and it has its own ways. This economy has been brought about by the wrong

[Shri Shabbir Ahmed Salaria]

taxation system, the illogical and irrational tax system that we have in this country. The system has obliged the traders not to reveal their money and this has led to black money in this country. Again, we had not been allowing foreign technology to come into the country in the past. Traders and industrialists also betrayed us as they resorted to hoarding and profiteering. Last but not the least, diesel and petrol prices have also gone up manifold. The remedy lies in first controlling deficit financing as far as possible; secondly, by reducing the rate of interest which is too high so as to enable new entrepreneurs to make meaningful progress and to help them in making profits. If that is not done the industries will become sick. The hon. Minister himself has admitted this in statement. Hoarding and profiteering can also be stopped if efforts are made. But no serious efforts are being made. The anti hoarding and profiteering Act is not being enforced properly at the State level. The public distribution system is in the hands of unscrupulous elements. There are leakages. The system not broad-based. It does not reach the countryside. Most of the people who are hardhit are from the countryside. The Government expenditure should also be brought down and we should import such commodities in which there is shortage. Because of shortage, prices go up. For instance, the import of edible oil should be increased and only then the price can be brought down. Otherwise, under the present set up, the chances of prices going down are very remote. With these submissions, I would request the hon. Minister who has not been attentive to what I have been saying, I hope that he goes through the records and considers the suggestions that I have made which are in the interest of the country. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN: (DR. NAGEN SAIKIA):: Thank you, Mr. Salaria, for concluding your speech within the time limit.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: I generally do that. But unfortunately nobody gives me time. Whenever I am given a chance I keep my promise.

डा० अबरार अहमद (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक महंगाई का सवाल है, गत दो वर्षों में महंगाई लगातार बढ़ रही है और इस सच्चाई को सभी माननीय सदस्यों ने स्वीकार किया है । लेकिन मुख्य बात यह है कि इस महंगाई बढ़ने के पीछे क्या कारण हैं और यदि उसकी गहनता में जाएं तो बहुत साफ और स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि गत दो सालों में जो सरकारें रहीं, उनकी जिस प्रकार की नीतियां रहीं, जिस प्रकार की उनकी कारगुजारियां रहीं, उसके कारण महंगाई बड़ी तेजी से बढ़ी है । उन नीतियों में चाहे विदेशी मद्रा को अनापशनाप तरीके से खर्च करना हो, चाहे कर्जा माफी हो, चाहे गल्फ वार हो, चाहे हाल का इलेक्शन हो, अगर हम गिनें तो बहुत से कारण इसके अन्दर मिल सकते हैं । वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद इस महंगाई का अगर सब से प्रमुख कारण कोई सामने आया है जो सरकार ने भी बताया है वह है विदेशी मुद्रा की भारी समस्या। इस देश के 80 प्रतिशत लोगों को विदेशी मुद्रा से किसी भी प्रकार का लेनादेना नहीं होता है । वह अपने खेतों में काम करते हैं, अपना कमाते हैं और अपना खाते हैं लेकिन इस महंगाई की सबसे ज्यादा मार अगर किसी पर पड़ती है, सबसे ज्यादा भार किसी को वहन करना पड़ता है तो वह गरीब आदमी है जो सुबह कमाने निकलता है और शाम को आटा लेकर के घर में घुसता है ।

उपसभाध्यक्ष जी, इस बात को कि महंगाई किस प्रकार से कम हो, या उस गरीब आदमी को किस प्रकार से राहत मिले, इसमें कोई दो राय नहीं कि जब यह सरकार बनी, तो लोगों को एक नई आशा की किरण इसके अंदर दिखाई दी और एक उम्मीद जागी । जब वर्तमान वित्त मंत्री जी को वित्त मंत्री बनाया गया, तो लोगों में बड़ी उम्मीदें आईं कि यह किस प्रकार से इस महंगाई पर नियंत्रण कर सकेंगे । उसके कुछ ही दिनों

बाद माननीय प्रधान मंत्री जी ने सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों और खाद्य आपूर्ति मंत्रियों की एक मीटिंग की और उस मीटिंग के अंदर इस महंगाई को कम करने के लिए जो भी आवश्यक वस्तुएं हैं, उनके वितरण के लिए क्या व्यवस्था हो, उस वितरण की व्यवस्था को कैसे सुचारू रूप से चलाया जाए, इसके संबंध में एक मीटिंग की ।

मझे इस बात से बड़ी प्रसन्नता है और बड़े गर्व के साथ कह सकता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने इस दिशा में काफी प्रयास किये, लेकिन मुझे दुख है कि जहां विपक्ष की राज्य सरकारें हैं, वह उस वितरण व्यवस्था को माकल रूप से बिलकुल नहीं चलने देना चाहतीं ।

माननीय पचौरी जी ने भी इस बात का जिक्र किया था कि मध्य प्रदेश में... (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : (बिहार) : बिहार में तो भली-भांति चल रही है ।

डा० अब्दार अहमद : मध्य प्रदेश के अंदर किस प्रकार से एक स्पेसेफिक राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों के लाइसेंस दिये जा रहे हैं । राजस्थान में भी इसी प्रकार की व्यवस्था की जा रही है और जब इस प्रकार के लोगों को अगर उचित मूल्यों की दुकानें दी जायेंगी, तो क्या वह राज्य सरकार उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही कर सकती है, या किस प्रकार की वितरण व्यवस्था चलेगी इस बात का आभास और अंदाज आप लोग लगा सकते हैं ।

तो जिन उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को गरीब आदमी तक पहुंचाने का प्रयास केन्द्र सरकार कर रही है, मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि राज्य सरकार उसको भी पूर्ण नहीं होने देना चाहती ।

दूसरी महत्वपूर्ण बात जो मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि रुपये का दो बार अवमूल्यन हुआ और उसके कारण भी महंगाई बढ़ी । लेकिन मैं उनसे आग्रह करना चाहूंगा कि वह तीसरा अवमल्यन किसी भी प्रकार से न होने दें ।

अगर विश्व के परिपेक्ष में हम देखें, तो हमारे रुपये की जितनी पर्चेजिंग पावर है, जितनी उसकी क्रय-शक्ति है, उसका मूल्य उससे कम है और विदेशों का जो डालर है या पाऊंड है, उसकी जो पर्चेजिंग पावर है, उससे ज्यादा उसकी कीमत है ।

उपसभाध्यक्ष जी, मुझे अभी कुछ दिन पहले जब विदेश जाने का मौका मिला और मैंने वहां देखा कि हमारा रुपया जिसका नेट एक डालर के लिए हमें 26 रुपये देने पड़ते हैं, अगर उन 26 रुपये की हम भारत में कोई वस्तु खरीदना चाहें या उस देश का कोई व्यक्ति भारत में आकर कोई वस्तु खरीदना चाहे, तो 26 रुपये में उसे काफी कुछ सामान मिल सकता है । लेकिन उस 26 रुपये में खरीद कर हम एक डालर विदेश में लेकर जायें, तो एक डालर के अंदर हम एक चाय नहीं पी सकते, एक डालर के अंदर हम ब्रेड नहीं खरीद सकते । तो उनके उस डालर की जो कीमत है, उसकी बहुत कम पर्चेजिंग पावर है, लेकिन कीमत विश्व के परिपेक्ष में बहुत ज्यादा है और हमारे रुपये की जो पर्चेजिंग पावर है, उसकी कीमत उन्होंने बहुत कम कर रखी है ।

तो मैं इस आधार पर यह कहना चाहूंगा कि उसका जो मूल्य आंका जाए, वह विश्व के परिपेक्ष में सही आंका जाए । उस रुपये का जबरदस्ती किसी के प्रेशर में आकर या आई.एम.एफ. की कंडिशन के सामने उसकी कीमत को नहीं घटाया जाना चाहिए ।

इसी के साथ-साथ मैं यह भी माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि विदेशी मुद्रा की जो समस्या है, उसमें सबसे बड़ा भाग अगर विदेशी मुद्रा का खर्च होता है, तो वह पैट्रोल और डीजल के आयात

[श्री अदरार अहमद]

के अंदर खर्च होता है, लेकिन जाने-अनजाने में या भूल के अंदर कुछ प्रकार के कार्य भी हमसे हो जाते हैं, जिनके कारण बड़ी मात्रा में हमें विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है ।

मैं इसके बारे में दो उदाहरण देना चाहता हूं । 1989 में मोटर व्हीकल एक्ट पास किया गया । जिस मोटर व्हीकल एक्ट से बड़ी आसानी से जिन ट्रकों की भार क्षमता 14–15 टन थी, उसे घटा कर 9 टन कर दिया गया । उसका नतीजा क्या हुआ कि जहां दो ट्रक किसी सामान को लेकर जाते थे, उसकी जगह तीन ट्रक जाने लगे और मैंने उन आंकड़ों को देखा है कि उससे 20 प्रतिशत डीजल की खपत बढ़ी । तो इस बिल का संबंध वित्त मंत्रालय से भी था, इस बिल का संबंध पेट्रोलियम मंत्रालय से भी था, लेकिन इस बात को किसी ने नहीं सोचा और वह बिल पास कर दिया गया, जिसके कारण 20 प्रतिशत डीजल की खपत बढ़ी और उस 20 प्रतिशत डीजल को हमें विदेशों से मंगवाना पड़ता है, जिसके लिए हमें कितनी विदेशी मुद्रा देनी पड़ती है ।

मैंने खुद का अपना मकान बनवाया, जहां 22–22, 23–23 टन बजरी लेकर ट्रक आता था, वहां अब नौ टन की उसकी क्षमता है, तो एक ट्रक नौ टन लेकर अगर एक निश्चित दूरी पर जाएगा, तो भी सौ लीटर डीजल जलायेगा और अगर पन्द्रह टन लेकर जाएगा, तो भी सौ लीटर डीजल जलायेगा । मुझे समझ में नहीं आता कि किस प्रकार के विवेक से इस प्रकार के निर्णय लिए जाते हैं ? इसके साथ ही साथ, उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस समय मैं विदेश में था तो कुछ लोगों से बात-चीत चल रही थी । उन्होंने एक सवाल मुझसे ऐसा पूछा जिसका मैं उनको जवाब नहीं दे सका । उन्होंने कहा कि डाक्टर साहब, आप देश की बात तो करते हैं, देश की आर्थिक समस्या को सुलझाने की बात तो करते हैं, लेकिन उस समय एक ओ.एन.जी.सी. के कर्मचारी को "उलफा" के लोगों ने पकड़ लिया था और ओ०एन०जी०सी० की हड़ताल चल रही थी, तो उन्होंने कहा कि डाक्टर साहब आप आर्थिक समस्या को कैसे सुलझायेंगे ? आपके एक आदमी को किसी ने पकड़ लिया उसके कारण सारे ओ०एन० जी०सी० के लोग हड़ताल पर हैं और उससे आपका कितना उत्पादन बंद हुआ, कितने पेट्रोल का उत्पादन बंद हुआ, उसको आपको कहीं से मंगाना पड़ेगा । विदेश से मंगायेंगे और उसके लिए आपको कितनी विदेशी मुद्रा देनी पड़ेगी ? क्या आप कभी उसकी कमी पूर्ति कर सकते हैं ?

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी राजनीतिक पार्टियों के लोगों से और देश के लोगों से यह कहना चाहता हूं कि अगर इस समस्या से जूझना चाहते हैं, इस समस्या से निपटना चाहते हैं तो इस विषय में सोचना होगा कि छोटी-छोटी बातों पर इस प्रकार के उत्पादन को बंद कर देना जिनमें देश के हित का सवाल हो, जिसके अन्दर विदेशी मुद्रा का सवाल हो, जिसके लिए हम दूसरों के सामने झोली फैला करके जाते हैं और दूसरों की कंडीशंज जोकि वह हमें डिक्टेट करते हैं, माननी पड़ती हैं । तो ऐसी चीजों के उत्पादन के बारे में इस प्रकार की बात न लाएं ।

इसके साथ ही साथ, उपसभाध्यक्ष महोदय, सिर्फ दो पाइंट मैं और कहना चाहूंगा, इसी विदेशी मुद्रा के संबंध में माननीय वित्त मंत्री जी से कि हम जिस विदेशी मुद्रा के लिए आई०एम०एफ० से ऋण के लिए या किसी से भी ऋण लेने के लिए, उनकी सब कंडीशंज मानते हैं उसमें खर्च में हम भारी कटौती कर सकते हैं, अगर हमारी जो एम्बैसीज विदेश के अन्दर हैं, ध्यान से अगर वहां जा कर देखा जाए तो जिस विदेशी मुद्रा के लिए हम झोली फैला कर दूसरों से कर्ज मांगते हैं किस प्रकार से उस पैसे का खर्च होता है, जब मैंने अपनी आंखों से देखा तो मुझे हैरत हुई । उन विदेशों के अन्दर जिन लोगों को हम फार्म करने के लिए भेजते हैं या आई०ए०एस० अधिकारियों

को भेजते हैं, मैं तो यह समझता था कि जिस तरह से सीमा पार एक सिपाही खड़ा होकर देश के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार रहता है उसी तरह से शायद वह अधिकारी भी थे जिन पर हमने विदेशी मुद्रा खर्च करके विदेशों में बैठा रखा है वह भी शायद ऐसा करते होंगे । लेकिन मुझे दुख हुआ कि चंद लोग तो अपवाद हो सकते हैं, लेकिन लोग जिन पर हम इतनी विदेशी मुद्रा खर्च करके वहां भेजते हैं, अपने एशो-आराम करने में, अपने बच्चों को अच्छी एजूकेशन देने में, विलायती शराब पीने के अन्दर या अपनी अय्याशी के अलावा दूसरा काम नहीं करते है । तो ऐसे खर्चों के अन्दर उस विदेशी मुद्रा को कटौती करें जिससे कि हमें झोली न फैलानी पड़े । अगर बिल देखें तो जितनी तनख्वाह है उतने ही उनके बिल होंगे, उतने ही उनकी बीमारी के बिल होंगे विदेशों में जाकर सब बीमार हो जाते हैं । डालरों के अन्दर भुगतान होता है । तो इस विदेशी मुद्रा के खातिर हमें यहां इतना परेशान होना पड़ रहा है उसका खर्च इस प्रकार से हो रहा है, उसका अपव्यय इस प्रकार से हो रहा है जिसकी खातिर देश का एक किसान, देश का एक मजदूर जिसको विदेशी मुद्रा से कोई लेना-देना नहीं, सुबह मजदूरी करने निकलता है और शाम को बीस रुपये कमाकर आटा साथ लेकर आता है, उसको भुगतना पड़ रहा है और पैसा इस प्रकार से खर्च हो रहा है ।

अंतिम बिन्दु, मान्यवर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि एक ऐसा साईकल बना गया है कि जब महंगाई बढ़ती है तो उसका भार सब पर पड़ता है । किसान पर भी पड़ता है । किसान को फिर हमें विवश होकर उसके उत्पादन का सपोर्ट मूल्य देना पड़ता है और जो सपोर्ट मूल्य है वह मिनिमम मूल्य बन जाता है किसी भी चीज के उत्पादन का, अगर हमने गेहूं का 250 रुपये या 300 रुपये सपोर्ट मूल्य रखा तो फिर उससे नीचे मूल्य जाने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता । फिर महंगाई बढ़ती है और फिर वह सपोर्ट मूल्य बढ़ता है । मतलब यह कि यह क्रम और साईकिल चलता रहता है । महंगाई बढ़ती है किसान को भी सपोर्ट मूल्य देना पड़ता है और उसी कारण से एक मिनिमम मूल्य निर्धारित हो जाता है और वह महंगाई बढ़ती चली जाती है । तो मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि किसान पर जो महंगाई का भार पड़ता है, वह इस प्रकार से सपोर्ट मूल्य निर्धारित ही नहीं करके दूसरे प्रकार से उसकी मदद की जाए ताकि उन उत्पादनों का दाम उससे कम भी आ सके वरना सपोर्ट मूल्य से नीचे कभी नहीं आ सकेगा और महंगाई का यह साईकल बढ़ता जाएगा । धन्यवाद ।

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, we have been discussing the price situation for some time. But really the price problem has been with us at least since independence. All matters have been raked up. For example, Mr. Malaviya quoted the famous saying of Pandit Jawaharlal Nehru which he had uttered before independence, that blackmarketeers and hoarders would be hung by the next lamp post. And, Sir, we know what, in actual practice, happened during all these years. No black marketeer has been hanged and no hoarder has been hanged so far. They have all prospered and they earned an amount of money which cannot be fully gauged. But the present Government; particularly the present Finance Minister, gave a bait in the name of Housing Bonds or something like that. So, these are the people who are holding the country to ransom. During the period of all the Governments—I do not mean just the Congress(I) Governments, but other Governments which were there as an interlude and equally during their period also—these people were holding the country to ransom and nothing else. Only yesterday, the Finance Minister gave us a document, a document which shows that it is a matter of good faith of this Government in respect of international Monetary Fund and the World Bank. Regarding these two institutions, our own knowledge—and I am sure the knowledge of Dr. Manmohan Singh also—would corroborate

[Prof. Sourin Bhattacharya]

the fact that these financial institutions have been set up to bleed the client countries white and nothing else. But he wanted us to believe that between the Government of India and the International Monetary Fund and the World Bank, there was no secret understanding, that everything was fair and open and, as a proof of that, a White Paper has been presented to us, laying down everything that went on between the Indian Government on the one side and, on the other, the IMF and the World Bank.

There is one thing here whose meaning has not been made clear, but whose significance cannot be lost upon anyone, and it is this:

> "The Government of India believes that the policies set forth in the Memorandum are adequate to achieve the objectives of the programme, but will take any additional measures appropriate for this purpose."

They have not defined what those measures are. Again, it say:

> "In addition, the Government will consult with the fund..." —I do not know why it has been thought necessary—"...An the adoption of any measures that may be appropriate in accordance with the policies of the Fund on such consultation.' "

Sir, this is something like a bank cheque. What follows really is not important, but what is written here is the most important thing. It means that our national conscience and our independence have been mortgaged to the International Monetary Fund and the World Bank. Why has this question been brought in? I am quite aware that we are not discussing the IMF now. I have brought it in because of the position of our country now. What is the position of our country now? A large number of people are practically without any purchasing power. According to the Government statistics, more than 50 per cent of the people—and, according to others, much more than that—are below the poverty line. With the prices that prevail now, what is the position of even people like us? Practically speaking, I may say, I am also a proletariat, talking in terms of the common man. But today when the price is higher, when we go to the market a shiver runs down our spine. It is not a question of theoritical discussion. It is a question of practical perception—a perception which haunts us every moment, which has been suggested in the statement given by our good friend— do not know whether it would be a correct thing as the hon. Member, Mr. Utsahi called him 'Khazana Mantri'. Now, the question is...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Kindly conclude.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA: Two minutes more. I know. You have made your message very clear.

The statement says that prices are so high because of the deficit. The deficit was there last year. The deficit is there this year. There has been a difference of 7 per cent. Why? No. 1, it has been stated that we are unable to import because of foreign exchange crunch. My question would be—let them explain—what were the items of import for our country in spite of the foreign exchange crunch? Luxury goods have all along been imported after 1984 to 1989 instead of essential commodities.

Another point has been raised here. There is a wide price spiral in the organized industry. In simpler terms it means that the increase of wages in the organized industry is leading to a spiral of prices in the market. I remember, I have been teaching...(*Time Bell rings*) University for a long time. We do not want your damn dearness allowance. You hold the price line and do not pay the dearness allowance. But when the Government is unable to do that they accentuate it by grant of D.A. And now by importing that argument here you say that...(*Time Bell rings*) It is done continuously. Ultimately they will be overtaken and a time will come when people will give you no opportunity and will bring you down and you will have to quit.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR (Nominated): Mr. Vice-Chairman, Sir, I mentioned yesterday also that we have been following the western economic system without looking at the social structure that we have in our country. If I may put it, capital and means of production, both, in this country are concentrated in the hands of the few, and that also on the basis of caste. There is the another group which was functioning, and that was known as the artisan class, but due to the process of industrialisation that class of artisans has now become unemployed. And this is the class which is now at the extreme ends due to the new changes of the structural adjustments that we are making. I do not dwell on it more. But I would like to ask the hon. Minister who is here just one thing. These are the figures which they have given in the statement. They have gone on mentioning and comparing with the previous year's inflation. May I know from the hon. Minister whether the figures which they have quoted for this year are provisional figures? These are juggleries that have been created over years. These are jugglers of figures. I would like to ask whether of figures· I would like to ask whether these are provisional figures. And if they are provisional figures, does the hon. Minister know what the provisional figures were for the last year, for the year 1990 because they have stated the 1991? If you see the actual figures, the actual figures are given for 1990. And if the actual figures are given for inflation in 1991, they will be double than what were given here. So, this is one aspect. Aud the hon. Minister should clarify whether the figures given here are actual figures or they are provisional figures for 1991.

The secondly which I would like to ask the hon. Minister is whether they have the will power to run the economy. I am mentioning this will power because the supply side which is controlled by the private traders. Are you going to enforce some kind of burden on them, are you going to impose some kind of conditions on them Because I know of conditions where a shop was closed thrice in a day and every time the shutters were open, the price increased by Rs. 3 or Rs. 4. We have a trading community, which I may say acts inhuman, and they do not follow the principle of economic morality. These are the people about whom I will not say. But there are writings on the walls of Bombay about these migrants who are controlling the trading line that their whole business should be nationalised. Those who have migrated to India under circumstances which are no more there. I would like to tell the Hon. Minister that he should speak to them that in India we have given them security and they should not hope that money is the only form of security. What is written on the walls of Bombay is not only in the areas which are known as lumpen areas, but also in the Napean Sea Road area, which is one of the costliest areas in the city of Bombay. It was written over there on the walls that unless their whole business is nationalised, we will not be able to improve the economy. May I ask the hon. Minister whether he is going to address these migrants who have come from different areas into this country and who are controlling the trading business and ask them whether they are going to behave or not? This is one clarification which I would like to seek from the hon. Minister.

[The Vice-Chairman (Shri Shankar Dayal Singh) in the Chair]

The second thing that I would like to mention here is that we have a class of people who do not obey the laws. Mr. Narayansamy was saying that during the emergency everybody behaved. We have two systems of law. There is one system of law in which people themselves abide by law. The second system is the one in which people are made to obey the law. What is necessary is that we will have to make the people to obey the law. That is why I said whether you have the will to control the supply side of this country. And if you can control the supply side and the trading community over here, I think, with whatever structural changes that you are making—and you are making with good intentions—the harms that have been caused to the common man shall be minimised.

[Shri Prakash Yashwant Ambedkar]

I will give one more suggestion before I take my place. I know that there are a number of items which are classified under the Essential Commodities Act. Looking into the purchasing power of a common man, I would like to say that his purchasing power is reduced very much, and he is not able to purchase even the bare necessities that he requires.

Therefore, you have to decide on the essential items, items which are most essential and are necessary, and ensure that these essential items are provided to the common man and at a rate at which he can purchase those essential items. I would suggest that even if you have to go in for freezing of the prices, the Government should think of it and go in for freezing of the prices of those items which are absolutely essential for the common man. And only then we can say that we have done something for the common man.

Finally, there are certain taxes that we have levied during a certain period of time. The statement of the hon. Minister is very clear that increase in oil prices has raised a number of questions. During the Gulf war, we have levied certain new taxes. Now even if you reduce those taxes, the cost of production of most of the major items will be down by 10 per cent. Will the Government think over it and see that instead of looking at the revenue side or instead of looking at coffers of the Government that this much revenue is being reduced, this revenue or this fund is transferred to the common man so that he gets the benefit?

In this House what we have been hearing from the hon. Minister is the principles of economics. When you apply these principles of economics to the common man and to the nation, these principles just do not fit into the theories that are being put up by economics. May I suggest to the hon. Minister—I know he is very sincere; nobody can doubt his integrity—that just by merely applying the economic principles to the country's economy, we are not going to improve the situation by implementing those economic principles. We have to look into the social aspects of the society. If we are going to have a lopsided development of the society, then that parts of the society which have not been touched, will stand in revolt, and this is the trend which is developing. I hope the hon. Minister will address himself to these issues. With these words, I thank you.

SHRIMATI MIRA DAS: I have to speak in Oriya. I don't know whether arrangement for interpretation has been made.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): There is provision. You can speak in Oriya.

*SHRIMATI MIRA DAS: Mr. Vice-Chairman Sir. I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on the price situation in the Country. I charge the government that it has totally failed to control the sky-rocketing Price-rise of almost all essential commodities. Unfortunately our contribution as Members of Parliament in this direction is limited to only a discussion on this important problem of the country. During every session we discuss this problem in the House. Thereafter the government fails to take effective steps to contain the price-rise. Unfortunately we as members of different political parties, blame each other for this problem. In my opinion, now the time has come when we should do something collectively in this direction. In my opinion we should pass some stringent legislation and punish the hoarders and black-marketeers who are responsible for creating artificial scarcity of different commodities.

Mr. Vice-Chairman Sir, in my opinion the wrong economic policies of this government which has ruled over the country for the last forty years are responsible for the creation of this problem. The poorest of poor section of the society are worst affected by this problem. It is a matter of deep distress that the Prices of items like rice, wheat have gone up substantially. It is true that the Prices of different items cannot be reduced through a magic, but

*English translation of the original speach delivered in Oriya.

the government should make a consistent effort in this direction by taking some hard decisions. It is sad that the Congress Party blames the non-Congress governments which have ruled over the country for a very short period.

Mr. Vice-Chairman Sir, Mrs. Indira Gandhi to power by giving the slogan of "Garibi Hatao". But unfortunately she failed to make the slogan materialise. At present about 70 per cent of the people of our country are languishing below Poverty line. The situation in the villages is deplorable. In my state of Orissa the economic condition of the villagers is very bad. In villages, with on or two exceptions the people are living in utter poverty. In my state of Orissa about eighty per cent of the people live below poverty line.

Mr. Vice-Chairman Sir, the wrong policies of the government have always secured the interests of the capitalists. The government is successful only in safeguarding the interest of 10 per cent of the people in the society. Only the rich section of the society has got the benefit from the government.

Mr. Vice-Chairman Sir, if we really wish to do something for the poor people, we should make the effort collectively. We should dedicate ourselves for the cause of the poor and down-trodden in the society. Our country is facing complex problems now-a-days. There is the problem of terrorism in Punjab, Jammu and Kashmir and in Assam. If we do not go deep into the social and economic reasons of these problems the situation will go out of our hand. Very soon we will face the disintegration of our country as it is happening today in U.S.S.R. Government should know that only Delhi and its neighbouring area are not India. It should take care to solve the problems of the people of far-flung villages.

Now the time has come for us to stop mud-slinging at each other. This is not going to help us and the country at large. If the people do not survive the country won't. The progress and prosperity of the country should be our one and only aim. We should make sacrifices to achieve this objective.

I once again thank you. Mr. Vice-Chairman, for giving me the time to speak on this very important subject.

Thank you.

श्री राम अवधेश सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, करीब साल भर में दो-तीन बार हर सत्र में बढ़ती हुई कीमत पर बहस करने की औपचारिकता यह सदन निभाता है। हर बार बहस होती है दाम बढ़ने पर और इसके अलावा भी बजट सत्र में पूरी बहस होती है लेकिन क्या कारण है कि जितनी बहस होती है, जितने सुझाव आते हैं दाम को नियन्त्रित करने के लिए, दाम को बढ़ने से रोकने के लिए उतनी ही ज्यादा कीमत बढ़ती है? इसका बहुत गहरा कारण है जिस पर हम लोगों को सोचना चाहिए। जबतक सरकार में इच्छाशक्ति नहीं जगेगी, इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी कि हम को दाम कंट्रोल करने हैं तबतक यह सम्भव नहीं है। जो बहन अभी बोली हैं उनको मैं उड़िया में बोलने पर बधाई देता हूं। उसका अनुवाद हमने हिन्दी में सुना अच्छा लगा। ऐसे और लोग भी बोलें तो संसद बहुभाषी हो जायेगा। मैं समझता हूं इस देश का बड़ा कल्याण होगा।

श्रीमती मीरा दास : इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं।

श्री शारदा महन्ती (उड़ीसा) : आप बिहारी भाषा में बोलिए।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं बिहारी भाषा में ही बोल रहा हूं।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : आप भोजपुरी में बोलिये। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : राम अवधेश जी आप अपनी बात कहिये।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं यह कहना चाहता हूं कि जबतक कठोर संकल्प और नैतिकता के आधार पर नीतियों में परिवर्तन नहीं होगा तबतक दाम पर नियन्त्रण पाने की बात बिल्कुल असम्भव है बहस चाहे हम जितनी करें। उदाहरण के लिए मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि 1977 में जब जनता पार्टी सत्ता में आई तो चीनी की कीमत साढ़े पांच, छः रुपये किलो थी। लेकिन उनकी डूएल पालिसी थी, दोहरी नीति थी कि कंट्रोल के दाम कुछ थे और खुले बाजार में कुछ दाम थे। जब जनता पार्टी सत्ता में आई तो उसने दोहरी नीति को खत्म कर दिया और देखते देखते चीनी की कीमत दो रुपये दस पैसे कर दी। यहां तक कि टूटी प्लास्टिक की चप्पलों से चीनी की बदल होने लगी। क्योंकि नीति में कठोरता से परिवर्तन किया कीमत अपने आप नियन्त्रित हो गई। करीब 18 महीने तक जनता पार्टी की हुकूमत ने कीमत को पूरे तौर पर काबू में रखा क्योंकि उस सरकार के पास इच्छा शक्ति थी। वित्त मंत्री पता नहीं क्या नोट कर रहे हैं लेकिन मैं उनको कहना चाहता हूं कि वे इस बात पर खास ध्यान दें कि फिसकल पालिसी, इकोनोमिक मैजर्स और साथ-साथ इंडस्ट्रियल पालिसी, इन तीनों पालिसियों में भारी परिवर्तन करें। आज जो आपकी फिसकल पालिसी है उसका अंजाम क्या निकलने वाला है? इसका अंजाम कई वर्षों के बाद या दशकों के बाद यह निकला है कि उत्पादन का चक्का जाम हो गया है, जनसंख्या बढ़ती जा रही है, मांग बढ़ती जा रही है। उसमें पूंजीनिवेश बंद हो गया है और उसकी कमी को आप बाहर से पूरा कर रहे हैं विदेशी कर्ज लेकर क्योंकि इन्वेस्टमेंट नहीं हो रहा है। काले धन का अम्बार लग गया है क्योंकि आपकी पालिसी ही ऐसी है। इन्कम टेक्स आप जिस तरह से लगाते हैं उसमें कोई आदमी एक करोड़ रुपया आमदनी करके आपको 50 लाख रुपये टैक्स नहीं देगा। अगर भगवान खुद कारखाना चलाये और आदमी का शरीर धारण करे वह भी 50 परसेंट इन्कम टैक्स नहीं देगा। वह दो तरह के रजिस्टर जरूर रखेगा। वे दो नम्बर का रजिस्टर जरूर रखेंगे। इसलिए इस फिसकल पालिसी के चलते पैरलल काला धन बनेगा ही और उस काले धन को इन्वेस्ट करने का मौका नहीं मिलेगा। इस प्रकार से उत्पादन का चक्का जाम हो जाएगा, उत्पादन नहीं होगा। उत्पादन नहीं होगा तो इम्प्लायमेंट भी नहीं मिलेगा। इम्प्लायमेंट नहीं होगा तो लोगों की परचेजिंग पावर भी नहीं होगी। काला बाजार के कारण सारी आर्थिक कठिनाइयां पैदा होती हैं। इसलिए आपको इस पालिसी में फेर-बदल करना होगा। सबसे बड़ी गलती अब तक हमारे हुक्मरानों ने जो की है और जो आज तक जारी है वह यह है कि पश्चिमी अर्थ-व्यवस्था से इस देश को देखते रहे हैं। वे यह नहीं देखते कि हमारी आबादी प्रति किलोमीटर कितनी है, अमेरिका की आबादी प्रति किलोमीटर कितनी है, जर्मनी की आबादी प्रति किलोमीटर कितनी है। हमारे यहां दुनियां में सबसे ज्यादा प्रति किलोमीटर आबादी है। उस हिसाब से हम कभी भी अपनी अर्थ-व्यवस्था को नहीं देखते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : राम अवधेश सिंह जी, आप तो बहुत पुराने सदस्य हैं, कालिंग अटेंशन में सदस्य सवाल पूछते हैं, यह कोई डिस्कशन नहीं है। आप आखिरी वक्ता हैं, इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप अनुभवी सदस्य हैं, आप जल्दी में सवाल कर लीजिये?

श्री राम अवधेश सिंह : कालिंग एटेंशन में तो सब चीजें आ जाती हैं। कालिंग एटेंशन का दायरा बहुत व्यापक है। मैं प्रश्न पूछने की कोशिश करूंगा।

वित्त मंत्री का ध्यान मैं इस तरफ खींचना चाहूंगा कि कीमतें बढ़ने के मूल कारण में सार्वजनिक क्षेत्र की लूट भी एक कारण है क्योंकि जितने भी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग हैं उनमें कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ता है तो दूसरी चीजों की कीमत बढ़ जाती है। रेल का फ्रेट रेट बढ़ जाता है तो सारी चीजों की कीमत बढ़ जाती है। इसी तरह से स्टील की कीमत बढ़ जाती है तो दूसरी चीजों की कीमत भी बढ़ जाती है। तेल की कीमत बढ़ जाती है तो अन्य चीजों की कीमत भी बढ़ जाती है। सार्वजनिक क्षेत्र में जितने

भी कारखाने हैं, रेल, सैल, तेल और कोल ... **(व्यवधान)** । जेल तो हमारे लिए हैं । उसमें तो हमारे जैसे लोगों को बंद किया जाता है, आप लोगों के लिए वह नहीं है । इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि सार्वजनिक क्षेत्र की जो कम्पनियां हैं इनकी चोरी आप बंद कर दीजिए तो मैं समझता हूं कि अभी जो डेफिसिट फाइनेंसिंग भारत सरकार को करना पड़ रहा है वह नहीं होगा क्योंकि आपको रेस्पोंसिबिलिटी फिक्स करनी पड़ेगी । भारत सरकार ने जितनी भी पूंजी इन कारखाने में लगा रखी है उनमें उत्पादन करने की सीमा कम से कम 20 परसेंट आमदनी करने की होनी चाहिए । जो कारखाना 20 परसेंट से कम आमदनी करेगा उसके उच्च अधिकारी और मैनेजिंग डायरेक्टर को एक्सप्लेनेशन देना होगा, उसको आपको जेल या हवालात में बंद करना होगा । अगर आप ऐसा कदम उठायेंगे तो अभी जो डेफिसिट फाइनेंसिंग हो रहा है वह नहीं होगा । आज इस डेफिसिट फाइनेंसिंग का क्या असर हो रहा है ? आज हमारा 80 हजार करोड़ से ज्यादा रूपया सार्वजनिक क्षेत्र में लगा हुआ है । 20 परसेंट की अगर आय हो जाय, मुनाफा हो जाय तो यह 16 हजार करोड़ हो जाय । हमको 11 हजार, 10 हजार और 8 हजार का डेफिसिट फाइनेंसिंग होता है । अर्थशास्त्र का एक सिद्धांत है कि अगर डेफिसिट फाइनेंसिंग होगा तो उसके दुगुने परसेंट में कीमतें बढ़ेंगी । इसको कोई रोक नहीं सकता है । चाहे यहां वित्त मंत्री कितना भी हाथ पांव मारे, कुछ नहीं होगा । कहने के लिए वे कहते हैं कि हम 7 परसेंट से ज्यादा नहीं बढ़ने देंगे ।

6 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ने नहीं देंगे, यह व्यवहार में मानने की बात नहीं है, वह इससे तिगुना कम से कम होता है । इस पर हमें कड़ाई करनी होगी । हमारी पूंजी लगी है, हमने विदेशों से कर्जा लिया है, यह उनसे कहा जाय कि तुमको अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी होगी और 20 प्रतिशत से कम मुनाफा नहीं करना होगा । हम प्राइवेट सेक्टर के विरोधी हैं लेकिन मैं यह चाहता हूं कि इस तरह से लूट न मचे ।

माननीय, मैं आपको एकदो उदाहरण देना चाहूंगा । ... **(व्यवधान)** ... इस में मंत्री जी का अगर कुछ सहयोग हो तो ... **(व्यवधान)** ... यह देश का काम होगा । जैसे अभी सी.सी.आई. में इतनी घपलेबाजी हो रही है । ओवर-प्रोडक्शन सारे पब्लिक सेक्टर दिखाते हैं और ऐसा करके देश को धोखा दे रहे हैं, सरकार को धोखा दे रहे हैं । सी.सी.आई., सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया .... **(व्यवधान)** ... प्राइस बढ़ा रही है । देसाई जी, जब भी मैं सार्वजनिक क्षेत्र पर बोलता हूं तो आप घबरा जाते हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : राम अवधेश जी .... **(व्यवधान)** .... आप मेरी बात सुनिये । आप 5.40 पर अपनी बात समाप्त करें । आपको याद होगा कि पांच-पांच मिनट का समय हमारे पहले जो पीठासीन उपसभाध्यक्ष थे, उन्होंने दिया था । मैं आपको 15 मिनट, तिगुना समय देकर यह कह देता हूं कि आप ठीक 5.40 पर समाप्त कर दें ।

श्री राम अवधेश सिंह : आप जैसा हुक्म करेंगे मैं वैसा ही करूंगा ।

महोदय, मैं आपको कह रहा हूं कि कीमतें कैसे बढ़ रही हैं, इसका मूल कारण क्या है इस पर सरकार को सख्ती से ध्यान देना पड़ेगा । मैंने पिछले साल इसी सदन में बहुत हल्ला किया था, और बहुत जोरदार ढंग से इसको कालिंग अटेंशन के माध्यम से लाया था ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : ये हल्ला करने वाले सदस्य हैं ।

श्री राम अवधेश सिंह : क्यों मेरा टाइम लेते हैं, मुझे बात करने दीजिये ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : उपसभाध्यक्ष महोदय, पहले यह नोट हो कि यह हल्ला करने वाले सदस्य हैं ।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं हल्ला करने वाला हूं तो क्या हो गया ? मैं भ्रष्टा-

[श्री राम अवधेश सिंह]

चार के खिलाफ हल्ला बोलने वाला हूं, लूट के खिलाफ हल्ला बोलने वाला हूं, क्या कहना चाहते हैं ?

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : चलिये, आप अपनी बात कहिये ।

श्री राम अवधेश सिंह : भ्रष्टाचार पर हल्ला हम लोगों का नारा है।

मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि जैसे बी.टी.एस. कंपनी है । स्टील माडर्नाइजेशन के लिये इसे 461 करोड़ रुपया का ठेका मिला जब कि वह एक नट-बोल्ट नहीं बनाता, एक पिन तक नहीं बनाता । रा-मैटीरियल और हैंडलिंग मशीन "भेल" से मंगाई और ए.सी.सी. से उसका कांट्रेक्ट किया तथा एम.एस.सी. को 23 करोड़ रुपया दिया जब कि वहां से उन्होंने 79 करोड़ रुपया लिया है । यह पेपर आफ ट्रांसफर के जरिये बिरला टेक्नीकल सर्विसेज में करीब-करीब 56 करोड़ रुपये की लूट हुई है । हम लोग फोरन एक्सचेंज के रूप में कर्जा लेते हैं, विदेशों से कर्जा लेकर हम अपना सोना गिरवी रखते हैं, एक तरह से देश की अस्मिता गिरवी रखी जा रही है और यहां पर ये चोर बैठकर चुराते हैं और यह सरकार चुरवाती है । स्टील माडर्नाइजेशन में इतनी लूट हुई । मान्यवर, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि 24 सितंबर, 1987 को इस सरकार ने 1360 करोड़ रुपये का दुर्गापुर में स्टील माडर्नाइजेशन का प्लान बनाया । आठ महीने बाद वह 2668 करोड़ का हो गया । यह बतलाइये कि यह कैसे हो गया । यही बी.टी.एस. को दिया । 23 करोड़ रुपया का माल दिया, अपना नहीं बनाया । वह बनवाया दूसरे पब्लिक सेक्टर से और वह प्राइवेट सेक्टर आर्डर करता है पब्लिक सेक्टर को और फिर वह पब्लिक सेक्टर में आता है । इस तरह की लूट दुनिया में कहीं नहीं हुई होगी और आप कहते हैं कि दाम करेंगे, यह नहीं हो सकता । यह सी०सी०आई० का जो चेयरमैन है, यह लूट मचाए हुए है । एक कारखाना राजस्थान में चला रहा है उसको कागज में नहीं दिखा रहा है। उसकी पैदावार को वह पुराने कारखाने की पैदावार में दिखा रहा है और कहता है कि हमारा प्रोडक्शन बढ़ गया है । एक कारखाना गत दो साल से प्रोडक्शन दे रहा है, उसका प्रोडक्शन पुराने कारखाने में दिखा रहा है । मैं चाहता हूं कि इसकी जांच हो । अगर यह ऐसे काम कर सकता है, चोरी करते हुए गीत गा सकता है (**समय की घंटी**) मैं चाहता हूं यह सरकार सी.सी.आई. के प्रेजेंट चेयरमैन के खिलाफ जांच बैठाए । अगर जांच नहीं बैठाती है तो मैं समझता हूं कि यह सरकार की उससे मिलीभगत है जो उससे लूट करवाती है और लूट करवा कर पूरे देश को लुटवाती है और हमारे गौरव को गिरवी रखती है तथा अर्थ-व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सामने गिरवी रखने के लिए मजबूर करती है । (**समय की घंटी**) मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं, अंत में एक बात कह कर मैं बैठ जाऊंगा । मान्यवर, जब तक पूंजीपतियों और व्यापारियों से कांग्रेसियों की पुरानी दोस्ती चलती रहेगी, प्रगाढ़ दोस्ती, मिलीभगत है, तब तक कभी भी दामों पर नियंत्रण नहीं हो सकता है । (**समय की घंटी**) क्योंकि दाम कब बढ़ते हैं, जब कांग्रेस का राज होता है । अगर इनका कोई बड़ा अधिवेशन हो तो उसमें दो चार करोड़ रुपया बड़े व्यापारी खर्च करेंगे और उससे 50 करोड़ या 100 करोड़ वसूलेंगे । जब चुनाव होगा तब भी दाम बढ़ेंगे (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मंत्री जी । (**व्यवधान**) चलिये, अब तो आखिरी बात भी हो गई । मंत्री जी भी खड़े हो गये हैं । सुन लीजिये।

श्री राम अवधेश सिंह : इसलिए इनकी इच्छा शक्ति कभी कभी जगती है, कुलबुलाते हैं, छटपटाते हैं और कहते हैं कि हम भी दाम कंट्रोल करेंगे लेकिन यह विवश हैं क्योंकि टाटा, बिड़ला, झनझनिया, टनटनिया के खिलाफ यह कोई कदम नहीं उठा सकते हैं । जब चुनाव के लिए मोटी रकम लेंगे तो क्या कदम उठा सकते हैं (**समय की घंटी**) जनता पार्टी ने बहुत सख्ती से 18 महीने, दो साल दाम

रोक दिये क्योंकि उनकी इच्छा शक्ति थी और उसके प्रधानमंत्री इतने मजबूत थे। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह पब्लिक सेक्टर को कंट्रोल करें। मैं यह जानना चाहता हूं कि सी.सी.आई. के चेयरमैन के खिलाफ सरकार क्या कार्यवाही करेगी। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : वित्त मंत्री, श्री रामेश्वर ठाकुर जी। राम अवधेश जी का रिकार्ड पर नहीं जाएगा।

श्री राम अवधेश सिंह : *

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : रिकार्ड पर नहीं जा रहा है।

SHRI RAMESHWAR THAKUR: Mr. Vice-Chairman, Sir, I am grateful to the hon. Members for their active participation, their concern about the price rise and the number of constructive suggestions they have made. I share the concern of the hon. Members, particularly in regard to the...(Interruption).

श्री राम अवधेश सिंह : आप तो हिन्दी में बोलिये। **(व्यवधान)** जब उड़िया में एक सदस्या बोल सकती हैं **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : बोलने दीजिये। मंत्री जी जिस भाषा में उचित समझेंगे, बोलेंगे। **(व्यवधान)** आप कान में लगा कर हिन्दी में सुन लीजिये।

श्री राम अवधेश सिंह : जिस भाषा में आप जनता से वोट मांगते हैं, उस भाषा में आप यहां बोलिये।

श्री रामेश्वर ठाकुर : मैं माननीय सदस्य की भावनाओं का आदर करते हुए हिन्दी में ही जवाब देता हूं। पहली बात तो यह है कि जिन सदस्यों ने सुझाव दिये हैं उनका हम आदर करते हैं। कुछ माननीय सदस्यों ने खास तौर से ऐसे सुझाव दिये हैं जो वास्तव में काम के योग्य हैं। आज इस बहस में 17 सदस्यों ने भाग लिया है।

मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं--श्री गुरूदास दास गुप्त, श्री शंकर दयाल सिंह, श्री मेन्तै पद्मनाभम्, श्री वी० नारायणस्वामी, श्री टी० ए० मोहम्मद सकी, श्री सत्य प्रकाश मालवीय, श्री सोमपाल, डा० जिनेन्द्र कुमार जैन, श्री सुरेश पचौरी, श्री जी० स्वामीनाथन, श्रीमती सरला माहेश्वरी, प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर, श्री शब्बीर अहमद सलारिया, डा० अबरार अहमद, श्री प्रकाश यशवन्त अम्बेडकर और श्री राम अवधेश सिंह . . . **(व्यवधान)**।

श्री राम अवधेश सिंह : जो महिला सदस्या उड़िया में बोली, आप ने उसका नाम नहीं लिया।

श्री रामेश्वर ठाकुर : हम ऐसा मानते हैं कि जब कभी भी इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो, जो राष्ट्रीय महत्व का विषय है और हमारे देश के जन जीवन में जिसका बहुत बड़ा सम्बन्ध है, स्वाभाविकता हमको गम्भीरतापूर्वक उसके सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए।

यह मैं मानता हूं कि महंगाई है, लेकिन साथ ही साथ हमें विचार करना चाहिए कि जो वास्तविक तथ्य है, उनको तरोड़-मरोड कर सदन के सामने रखना हम समझते हैं कि वह इस विषय के प्रति और सदन के प्रति हमारे कर्तव्य का निर्वाह नहीं है। जो महंगाई हुई है, जिसके प्रामाणिक आंकड़े सरकार की तरफ से आपके सामने हैं। उसे मैं संक्षिप्त में रखना चाहता हूं।

थोक मूल्य में जो अभिवृद्धि 35 सप्ताह में चालू साल में हुई है, वह 10.1 प्रतिशत है जो पिछले साल इसी समय में 8.5 प्रतिशत सूचेक है, उस हमारे उपभोक्ता मूल्य के थी और जो उसमें सात महीने तक अक्तूबर 1991 तक हमारी जो वृद्धि हुई, वह 10.9 प्रतिशत है, जो पिछले साल 10.2 प्रतिशत थी।

*Not recorded.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What is the consumer price index?

SHRI RAMESHWAR THAKUR: I am telling you about the consumer price index. (*Interruptions*).

